स्नातक उपाधि कार्यक्रम
सत्रांत परीक्षा
फरवरी, 2021

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी
ई.एच.डी.-2 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) निसिदिन बरसत नैन हमारे ।
सदा रहति पावस ऋतु हम पै जब तें स्याम सिधारे ।
दृग अंजन लागत नहिं कबहूँ, उर कपोल भए कारे ।
कंचुकि नहिं सूखत सुनु सजनी ! उर-बिच बहत पनारे ।
'सूरदास' प्रभु अंबु बढ्यौ है, गोकुल लेहु उबारे ।
कहँ लौं कहौं स्यामघन सुन्दर बिकल होत अति भारे ।

(ख) नहिं परागु, नहिं मधुर मधु, नहिं बिकासु इहि काल ।
अलि, कलि ही सौं बंध्यो, आगे कौन हवाल ।।

(ग) बीती विभावरी जाग री ।

अम्बर पनघट में डुबो रही –

तारा-घट उषा नागरी ।

खग-कुल कुल कुल सा बोल रहा,

किसलय का आंचल डोल रहा,

लो यह लतिका भी भर लाई ।

मधु मुकुल नवल रस गागरी ।

(घ) आज हम शहरातियों को

पालतू मालंच पर सँवरी जुही के फूल से

सृष्टि के विस्तार का — ऐश्वर्य का – औदार्य का –

कहीं सच्चा, कहीं प्यारा एक प्रतीक

बिछली घास है,

या शरद की साँझ के सूने गगन की पीठिका पर दोलती कलगी अकेले

बाजरे की

और सचमुच, इन्हें जब-जब देखता हूँ

यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है

और मैं एकान्त होता हूँ समर्पित ।

शब्द जादू है

मगर क्या यह समर्पण कुछ नहीं है ?

(ङ) भूख और भूख की आड़ में
चबायी गयी चीज़ों का अक्स
उनके दाँतों पर ढूँढ़ना
बेकार है । समाजवाद
उनकी जुबान पर अपनी सुरक्षा का
एक आधुनिक मुहावरा है ।
मगर मैं जानता हूँ कि मेरे देश का समाजवाद
मालगोदाम में लटकती हुई
उन बाल्टियों की तरह है जिस पर 'आग' लिखा है
और उसमें बालू और पानी भरा है ।

2. आदिकाव्य की प्रबन्धात्मक काव्यधारा का परिचय दीजिए । *16*

3. तुलसीदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए । *16*

4. मुक्तक काव्य परम्परा में 'बिहारी सतसई' के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । *16*

5. भारतेन्दुयुगीन हिन्दी कविता की भाषागत विशेषताएँ बताइए । *16*

6. मैथिलीशरण गुप्त की नारी विषयक भावना स्पष्ट कीजिए । *16*

7. सुमित्रानंदन पंत की काव्यानुभूति पर प्रकाश डालिए । *16*

8. प्रगतिवाद की प्रमुख प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए । *16*

9. अज्ञेय काव्य की विशेषताएँ बताइए । *16*

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $2 \times 8 = 16$

(क) सूरदास की वात्सल्य भावना

(ख) भवानी प्रसाद मिश्र का काव्य

(ग) रीतिकाव्य के प्रमुख भेद

(घ) कुरुक्षेत्र का संदेश